ऐश्वर्या कॉलेज : वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई

उदयपुर| ऐश्वर्या कॉलेज में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अटलजी के जीवन और उनके योगदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री से हुई। इसके बाद छात्रों ने अटलजी की प्रसिद्ध कविताओं जैसे- मौत से ठन गई, गीत नया गाता हूं और एक बरस बीत गया का प्रभावशाली अंदाज में पाठ किया। प्रतियोगिता में निखिल लौहार बीए बीएड प्रथम वर्ष ने प्रथम, रितिका माली बीए बीएड प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा रक्षिता जैन बीए बीएड प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।